# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 39/2024

## इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावक, परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक, जिलों में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा सभी जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर **दिनांक–01.02.2024 से 12.02.2024 तक** आयोजित की जाएगी।

**2.** समिति पत्रांक–BSEB(SS)/KEN/1267/2023, दिनांक–18.12.2023 की कंडिका 10, समिति द्वारा परीक्षार्थी को जारी प्रवेश पत्र की कंडिका–04 एवं समिति द्वारा परीक्षा संचालन के लिए निर्गत मार्गदर्शिका की कंडिका–13 में निदेश दिया गया था कि परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में जूता–मोजा पहन कर आना सर्वथा वर्जित है, अन्यथा परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी।

**3.** परन्तु राज्य में वर्तमान में जारी शीतलहर के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कंडिका–2 में उल्लिखित निदेश को तत्काल निरस्त करते हुए अपवादस्वरूप इस वर्ष की आयोजित होने वाली **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में परीक्षार्थियों को जूता–मोजा पहनकर परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है।**

सचिव

Scanned with CamScanner